**हमीरपुर पुलिस**

## रामनवमी पर्व - 2025

## यातायात व्यवस्था

रामनवमी पर्व के अवसर पर कस्बा सुमेरपुर क्षेत्र में दिनांक 06 अप्रैल 2025 को विशाल शोभा यात्रा प्रस्तावित है। इसी को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था निम्नानुसार निर्धारित की गई है:-

**दिनांक 06 अप्रैल 2025, प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 22:00 बजे तक निम्नलिखित यातायात डायवर्जन प्रभावी रहेगा-**

### 1.कानपुर से महोबा जाने वाले वाहन

इन वाहनों को राठ तिराहा, हमीरपुर से रूट डायवर्ट किया जाएगा। ये वाहन बिवाँर या बसवारी होते हुए महोबा की ओर जा सकेंगे।

### 2.महोबा से कानपुर जाने वाले वाहन

इन वाहनों को मौदहा बड़ा चौराहा, मौदहा से बसवारी, बिवाँर होते हुए कानपुर की ओर भेजा जाएगा।

### 3.जनपद बाँदा से हमीरपुर आने वाले वाहन

इन वाहनों को कस्बा सुमेरपुर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

### 4.जनपद बाँदा से कानपुर जाने वाले वाहन

इन वाहनों को टिकरी तिराहा होते हुए मौदहा बड़ा चौराहा से बसवारी की ओर डायवर्ट किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ये वाहन राठ से बिवाँर होते हुए हमीरपुर से कानपुर जा सकेंगे।

### यातायात नियंत्रण एवं सहायता

जनपद के सभी प्रमुख स्थानों व बैरियरों पर स्थानीय थाना पुलिस व यातायात पुलिस की तैनाती रहेगी। किसी भी यातायात संबंधी समस्या या सहायता हेतु निम्नलिखित मोबाइल नंबरों पर संपर्क करें:- **9473987561 / 8532830132 अथवा आपातकालीन स्थिति में यूपी-112 पर** भी संपर्क किया जा सकता है।

### महत्वपूर्ण सूचना

सभी पत्रकार एवं बंधुजन से अनुरोध किया जाता है कि इस यातायात निर्देश को अधिक से अधिक प्रचारित करें, ताकि आमजन को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।